मानव तस्करी और शोषण सूचना गाइड

# देखभालकर्ताओं के लिए

## विशेष विचार

### मानव तस्कर एक एकल टकसाली में फिट नहीं होते हैं

- मानव तस्कर प्रायः ऐसे लोग होते हैं जिन्हें बच्चे जानते हैं।
- मानव तस्कर प्रायः भोजन, पैसा, कपड़े, या घर जैसी वस्तुओं वादा करके कमजोर बच्चों और युवाओं को निशाना बनाते हैं।
- मानव तस्कर सार्वजनिक जगहों जैसे कि पुस्तकालयों, मॉल, पार्क, या स्कूलों में व्यक्तियों की भर्ती या उनसे दोस्ती कर सकते हैं।
- मानव तस्कर प्रायः सोशल मीडिया या फोन एप्लिकेशन के माध्यम से व्यक्तियों से ऑनलाइन संपर्क करते हैं।
- मानव तस्कर अपने आप को इस तरह से दिखाते हैं जैसे कि उन्हें हर चीज की जानकारी होती है और मानो वे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। वे अपने आपको बहुत ही सहज व्यक्ति के रूप में पेश करते हैं, ताकि लोग उनको जल्दी से जान सके।

### संभावित मानव तस्करी या शोषण के बारे में बच्चे से बातचीत करना

- बच्चा संभवतः अपनी परिस्थिति की पहचान शोषण या मानव तस्करी के रूप में नहीं करेगा। यहां तक कि यदि उनके साथ कुछ भी हो रहा होता है, तो वे खुद को पीड़ित के रूप में नहीं देख पाते हैं।
- यदि वे अपने शोषण या मानव तस्करी की स्थिति (या किसी अन्य दर्दनाक घटना) के बारे में खुलकर बताते हैं, तो उनकी बातों को ध्यान से सुनें और बच्चों को शर्मसार करने से बचें।
- शारीरिक भाषा महत्वपूर्ण है। अपनी और बच्चों की शारिरिक भाषा पर ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि आप उन्हें चुप नहीं करा रहे हैं।
- यदि बच्चा बातचीत के दौरान पीछे हटना या बातचीत समाप्त करना शुरू करता है, तो समस्या को आगे न बढ़ाएं और उन्हें बताएं कि जब वे इस बारे में बातचीत करने के लिए तैयार हो जाएं, तब वे बातचीत कर सकते हैं।
- बच्चे से पूछें कि वे अगर चाहें तो यौन उत्पीड़न के वकील, चिकित्सक या किसी ऐसे व्यक्ति से बात करना चाहें जिसे वे एक सहायक के रूप में जानते हैं, तो वे ऐसा कर सकते हैं।
- यदि बच्चा खतरनाक स्थिति में हो, तो आप बिना किसी की अनुमति के उनसे संपर्क कर सकते हैं, लेकिन इस अवसर का इस्तेमाल इस प्रक्रिया में उनके साथ भागीदारी करके उनका भरोसा जीतें।

### शोषित या मानव तस्करी के शिकार बच्चों की देखभाल करना

- प्रत्येक बच्चे की अपनी व्यक्तिगत आवश्यकता और शक्ति होती है।
- बच्चे के साथ इस बारे में बात करें कि उन्हें कौन सी सेवाएं उपयोगी और सहायक लगती हैं।
- याद रखें कि मानव तस्करी या शोषण की स्थितियों से बाहर निकलना बच्चों के लिए एक कठिन कार्य हो सकता है और इसके लिए कई बार प्रयास किए जा सकते हैं।
- बच्चे की गोपनीयता बनाए रखें। उनकी कहानी को उन तक ही सीमित रखें। सभी की सुरक्षा के लिए, जब भी संभव हो, बच्चे की जानकारी की गोपनीयता की सुरक्षा करना आवश्यक है।

## अगला चरण

- **यदि तात्कालिक खतरे में हो:** 911 पर कॉल करें
- **बाल सुरक्षा या कानून प्रवर्तन पर एक रिपोर्ट बनाएं।** मिन्नेसोटा कानून में रिपोर्ट करने के लिए अनिवार्य रिपोर्टर (जैसे पालक माता-पिता) की आवश्यकता पड़ती है यदि उन्हें पता है या ऐसा विश्वास करने का कोई कारण है कि या किसी बच्चे या युवा के साथ पिछले तीन वर्षों से दुर्व्यवहार या अनदेखा किया जा रहा है। किसी बच्चे की यौन तस्करी के लिए एक अनिवार्य बाल संरक्षण रिपोर्ट है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कथित अपराधी कौन है। माता-पिता या देखभालकर्ता जो अनिवार्य रिपोर्टर नहीं हैं, वे अभी भी अपने बच्चे की सहायता के लिए स्थानीय बाल कल्याण एजेंसी को रिपोर्ट कर सकते हैं।
- **अपने सेफ हार्बर रीजनल नेविगेटर से बात करें।** यदि आपको संदेह है कि आपके बच्चे की तस्करी या शोषण का खतरा है, तो आप संसाधनों से सहायता और संपर्क स्थापित करने के लिए अपने सेफ हार्बर रीजनल नेविगेटर से संपर्क कर सकते हैं। सेफ हार्बर सर्विसेज के मानचित्र सेफ हार्बर रीजनल नेविगेटर के बारे राज्यवार संपर्क जानकारी और सेवा क्षेत्र को दर्शाता है।
- **बच्चे की सुरक्षा को सुरक्षित रखने के लिए एक योजना बनाएं।** सुरक्षा योजना बनाने के लिए बच्चे से बातचीत करें। इसे रीजनल नेविगेटर, एक सुरक्षित हार्बर प्रदाता या बच्चे के साथ कार्य करने वाले अन्य पेशेवरों के सहयोग से किया जा सकता है। त्वरित सुरक्षा योजना के विचारों और वास्तविक कार्य प्रक्रियाओं के माध्यम से सहायता करने के लिए विभिन्न परिदृश्यों के जरिए बच्चों से बात करें। इसके अलावा, बच्चे से इस बारे में बात करें कि उनके विश्वासी व्यस्क और साथी कौन-कौन से हैं, जिनके साथ वे खुलकर बात कर सकते हैं। जानें कि सुरक्षा योजना एक प्रेरित करने वाली घटना हो सकती है।

## संसाधन

- मिन्नेसोटा डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन सर्विसेज सेफ हार्बर (https://mn.gov/dhs/partners-and-providers/program-overviews/child-protection-foster-care-adoption/safe-harbor/)
- सेंटर फोर पैरेंट एंड टीन कम्यूनिकेशन (https://parentandteen.com/)
- ए पैरेंट्स गाइड टू ह्यूमन ट्रैफिकिंग (Polly Klaas Foundation) (http://www.pollyklaas.org/safe/a-parents-guide-to-human-trafficking.pdf)
- नेशनल सेंटर फोर मिसिंग एंड एक्सप्लोएटेड चिल्ड्रेन नेट्समार्ट्ज (https://www.missingkids.org/netsmartz/)
- शेयर्ड होप: योर किड्स एंड टेक्नोलॉजी, पैरेंट्स सेफ्टी गाइड (https://sharedhope.org/wp-content/uploads/2018/11/Designed-Internet-Safety-e-book.pdf)
- Love 146: इंटरनेट सेफ्टी गाइड (https://love146.org/action/online-safety/internet-safety-guide/)
- **मिन्नेसोटा डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन सर्विसेज एंड एमएनएडोप्ट द्वारा प्रस्तुत फ्री वेबिनार:** मानव तस्करी और यौन शोषण: बेसिक्स फोर फोस्टर एंड एडोप्टिव फैमिलीज (https://www.mnadopt.org/product/1187-webinar-human-trafficking-and-sexual-exploitation-basics-for-foster-and-adoptive-families/).
- **पीड़ित के क्षेत्र में निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कानूनी संसाधन और खोज इंजन:** LawHelpMN.org प्रदाता और क्लिनिक्स (https://www.lawhelpmn.org/providers-and-clinics)
- नेशनल ह्यूमन ट्रैफिकिंग हॉटलाइन सेफ्टी प्लानिंग (www.humantraffickinghotline.org/faqs/safety-planning-information)

इस गाइड को 2016-MU-MU-K153 के अंतर्गत मिन्नेसोटा स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किया गया है, इस विभाग को अपराध के पीड़ितों के कार्यालय, न्याय कार्यक्रमों के कार्यालय, अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। इस गाइड में व्यक्त विचार या अनुशंसाएं योगदानकर्ताओं के हैं और वे अमेरिकी न्याय विभाग के कार्यालय के किसी पद या नीतियों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

SAFE HARBOR

DEPARTMENT OF HEALTH